मेट्रो-3 के काम में तेजी

दो महीने में आरे-बीकेसी मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना

वसं, मुंबई : मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) की एमडी अश्विनी भिडे ने मेट्रो-3 कॉरिडोर के दो स्टेशनों पर जारी सिविल वर्क का जायजा लिया। मेट्रो-3 के मार्ग पर सेवा शुरू करने के लिए मेट्रो प्रशासन की तरफ से तेजी से काम किया जा रहा है।

मंगलवार को अश्विनी भिडे सिद्धिविनायक और शीतला देवी मेट्रो स्टेशन पहुंच स्टेशन पर जारी निर्माण कार्य का जायजा लिया। सिद्धिविनायक और शीतला देवी मेट्रो स्टेशन पर अंतिम चरण के तहत फिनिशिंग का काम चल रहा है। मेट्रो प्रशासन आगामी डेढ़ से दो महीने में आरे से बीकेसी के बीच मेट्रो सेवा शुरू करने की योजना पर काम रहा है। पहले फेज के साथ ही एमएमआरसी ने दूसरे फेज के निर्माण कार्य की रफ्तार भी बढ़ा दी है।